Signature of Invigilators

1. ..............................

2. ..............................

# HINDI
## Paper II

Roll No. | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Roll No. ..............................

..............................

(In words)

**JY—04/5**

Name of the Areas/Section (if any)......................

Time Allowed : 75 Minutes] [Maximum Marks : 100

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of *fifty* (50) multiple choice type questions. *All* questions are compulsory.
3. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square

   Correct method [A] Wrong Method [ A or [A]
4. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under paper II only.
5. Read instructions given inside carefully.
6. One sheet is attached at the end of the booklet for rough work.
7. You should return the test booklet to the invigilator at the end of paper and should not carry any paper with you outside the examination hall.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટેની સૂચનાઓ :**

૧. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.

૨. આ પ્રશ્નપત્રમાં કુલ પચાસ (50) બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.

૩. પ્રત્યેક પ્રશ્ન વધુમાં વધુ ચાર બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવે છે. જે (A), (B), (C) અને (D) વડે દર્શાવવામાં આવ્યા છે. પ્રશ્નનો ઉત્તર કેપીટલ સંજ્ઞા વડે આપવાનો રહેશે. ઉત્તરની સંજ્ઞા આપેલ ખાનામાં બરાબર સમાઈ જાય તે રીતે લખવાની રહેશે.

   ખરી રીત : [A] ખોટી રીત : [ A , [A]

૪. આ પ્રશ્નપત્રના જવાબ આપેલ ICR Answer Sheet ના Paper II વિભાગની નીચે આપેલ ખાનાંઓમાં આપવાના રહેશે.

૫. અંદર આપેલ સૂચનાઓ કાળજીપૂર્વક વાંચો.

૬. આ બુકલેટની પાછળ આપેલું પાનું રફ કામ માટે છે.

૭. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા પછી આ બુકલેટ જે તે નિરીક્ષકને સોંપી દેવી. કોઈપણ કાગળ પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવો નહીં.

# HINDI

## हिन्दी

## PAPER-II

## प्रश्न-पत्र-II

**नोट :**—इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. काव्य-भाषा के रूप में अवधी का विकास किस ग्रंथ के द्वारा हुआ ?
   (A) कवितावली (B) पद्मावत
   (C) हनुमन्नाटक (D) रामचंद्रिका

2. 'खालिकबारी' के लेखक कौन थे ?
   (A) रहीम (B) रसखान
   (C) अमीर खुसरो (D) जायसी

3. निम्नलिखित में से राष्ट्रीय काव्यधारा का कवि कौन है ?
   (A) हरिवंशराय बच्चन (B) नरेन्द्र शर्मा
   (C) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (D) माखनलाल चतुर्वेदी

4. कौनसी बोली पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आती है ?
   (A) बघेली (B) अर्धमागधी
   (C) छत्तीसगढ़ी (D) बांगड़ू

5. हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में किसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है ?
   (A) स्वामी दयानंद सरस्वती (B) राजा राममोहन राय
   (C) पट्टाभि सीतारामैया (D) लोकमान्य तिलक

6. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' किसकी उक्ति है ?
   (A) नंददास (B) परमानन्ददास
   (C) कुंभनदास (D) सूरदास

7. "सिंदूर की होली" किस प्रकार का नाटक है ?
   (A) समस्यामूलक (B) सांस्कृतिक
   (C) ऐतिहासिक (D) व्यंग्य प्रधान

8. ललित निबंध का मुख्य तत्त्व क्या है ?

(A) घटना का विवरण (B) व्यक्ति व्यंजकता

(C) ऐतिहासिकता (D) व्याख्यान

9. राजभाषा का अभिप्राय क्या है ?

(A) राज्य की भाषा (B) राजकाज की भाषा

(C) राजनीति की भाषा (D) राजघराने की भाषा

10. खड़ी बोली को साहित्यिक भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय किस पत्रिका को है ?

(A) सरस्वती (B) वीणा

(C) ज्ञानोदय (D) विशाल भारत

11. अर्धमागधी किस हिन्दी से संबंद्ध है ?

(A) खड़ी बोली (B) पश्चिमी हिन्दी

(C) पूर्वी हिन्दी (D) दक्खिनी हिन्दी

12. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने उत्तर मध्यकाल का आरंभ कब से माना है ?

(A) वि.सं. 1700 (B) वि.सं. 1600

(C) वि.सं. 1375 (D) वि.सं. 1750

13. 'मैथिल कोकिल' नाम से कौन कवि विख्यात है ?

(A) जयदेव (B) पद्माकर

(C) भूषण (D) विद्यापति

14. 'पृथ्वीराज रासो' किस भाषा का ग्रंथ है ?

(A) अवहट्ट (B) अपभ्रंश

(C) डिंगल (D) अवधी

15. 'परती परिकथा' किसकी रचना है ?

(A) फणीश्वरनाथ रेणु (B) निर्मल वर्मा

(C) नरेश मेहता (D) श्रीलाल शुक्ल

16. 'सुदामा चरित' किस कवि की रचना है ?

(A) नागरिदास (B) नरोत्तमदास

(C) कृष्णदास (D) भर्तृहरि

17. 'आवाँ' किसकी रचना है ?

(A) मृदुला गर्ग (B) चित्रा मुद्गल

(C) मन्नू भंडारी (D) मैत्रेयी पुष्पा

18. 'आधा गाँव' किसकी रचना है ?

(A) फणीश्वरनाथ रेणु
(B) रांगेय राघव
(C) कृष्णा सोबती
(D) राही मासूम रज़ा

19. 'चीफ की दावत' किसकी रचना है ?

(A) कमलेश्वर
(B) निर्मल वर्मा
(C) भीष्म सहानी
(D) उषा प्रियंवदा

20. 'गदल' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(A) रांगेय राघव
(B) भीष्म सहानी
(C) यशपाल
(D) धर्मवीर भारती

21. 'अंधायुग' का नायक कौन है ?

(A) कृष्ण
(B) युधिष्ठिर
(C) अर्जुन
(D) अश्वत्थामा

22. 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' चंद्रगुप्त नाटक में किस पात्र के द्वारा गाया गया है ?

(A) अलका
(B) कारनेलिया
(C) सिंहरण
(D) चंद्रगुप्त

23. 'वाक्यम् रसात्मकम् काव्यम्' किसकी उक्ति है ?

(A) भोज
(B) राजशेखर
(C) विश्वनाथ
(D) अप्पय दीक्षित

24. "यद्यपि दुर्बल आरत है, पर भारत के सम भारत है" यह उक्ति किस कवि की है ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(C) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(D) सोहनलाल द्विवेदी

25. 'राधिका जीहैं तो जीहैं सबै
न तो पीहैं हलाहल नन्द के द्वारे'
यह उक्ति किस कवि की है ?

(A) पद्माकर
(B) रत्नाकर
(C) रसखान
(D) मतिराम

26. इनमें आचार्य कवि कौन नहीं है ?

(A) चिंतामणि
(B) मतिराम
(C) भिखारीदास
(D) बिहारी

27. इनमें ज्ञानपीठ पुरस्कार किसको नहीं मिला ?

(A) अज्ञेय
(B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) दिनकर
(D) महादेवी

28. आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी को किस प्रकार का समीक्षक माना जाता है ?

(A) सौष्ठववादी
(B) प्रयोगवादी
(C) प्रगतिवादी
(D) मनोवैज्ञानिक

29. 'भूतनाथ' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(A) तिलस्मी
(B) सामाजिक
(C) राजनीतिक
(D) मनोवैज्ञानिक

30. इनमें से किसने रेखाचित्र लिखे हैं ?

(A) शिवपूजन सहाय
(B) सोहनलाल द्विवेदी
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी
(D) सुभद्राकुमारी चौहान

31. "बंदौं कोमल कमल से, जग-जननी के पांय" में कौनसा अलंकार है ?

(A) रूपक
(B) उपमा
(C) दृष्टान्त
(D) उत्प्रेक्षा

32. किस आचार्य ने प्रतिभा के कारयित्री और भावयित्री भेद किए हैं ?

(A) वामन
(B) आनंदवर्धन
(C) भामह
(D) राजशेखर

33. इनमें ध्वनि विरोधी आचार्य कौन हैं ?

(A) भरतमुनि
(B) राजशेखर
(C) महिमभट्ट
(D) क्षेमेन्द्र

34. भरतमुनि ने कितने रसों की कल्पना की है ?

(A) आठ
(B) दस
(C) नौ
(D) ग्यारह

35. संरचनावादी सिद्धान्त में किसका केन्द्रीय स्थान है ?

(A) दर्शन
(B) अर्थध्वनि
(C) सामाजिक उद्देश्य
(D) कलात्मक सिद्धि

36. स्वच्छंदतावादी समीक्षा में कविता की किस विशेषता पर बल दिया गया है ?

(A) सामाजिक रचना की प्रेरणा
(B) नीति निरूपण
(C) भावों का सहज समुच्छलन
(D) आध्यात्मिक चिंतन

37. देवनागरी लिपि की प्रमुख विशेषता क्या है ?
   (A) उच्चारण सरल है
   (B) जैसी लिखी जाती है वैसी ही बोली जाती है
   (C) स्वर व व्यंजनों की अधिकता
   (D) इसमें सभी ध्वनियों का समावेश है

38. जनसंचार माध्यमों में हिन्दी की लोकप्रियता का कारण क्या है ?
   (A) समझने वालों की सर्वाधिक संख्या
   (B) हिन्दी भाषा की मधुरता
   (C) अन्य भाषाओं से हिन्दी का संबंध
   (D) हिन्दी में श्रेष्ठ साहित्य की रचना

39. हालावाद का प्रवर्तक कवि कौन है ?
   (A) मुकुटधर
   (B) रहीम
   (C) उपेन्द्रनाथ अश्क
   (D) हरिवंशराय बच्चन

40. आलवार संत किस प्रदेश के थे ?
   (A) आसाम
   (B) बंगाल
   (C) दक्षिण भारत
   (D) महाराष्ट्र

41. इनमें से किस कवि की रचना में मार्क्सवादी चेतना की प्रबलता है ?
   (A) शमशेर
   (B) अज्ञेय
   (C) मुक्तिबोध
   (D) केदारनाथ सिंह

42. इनमें से कौनसी रचना व्यंग्य प्रधान है ?
   (A) राग दरबारी
   (B) नीला चाँद
   (C) एक नौकरानी की डायरी
   (D) पाँच आँगनों वाला घर

43. इसमें टी.एस. इलियट का सिद्धान्त कौनसा है ?
   (A) कल्पना
   (B) निर्वैयक्तिकता
   (C) संरचनावाद
   (D) उत्तर आधुनिकतावाद

44. आई.ए.रिचर्ड्स ने अपनी पुस्तक 'प्रिंसीपल्स ऑफ लिटररी डिसीज़न' किसके सहयोग से लिखी ?
   (A) विलियम एम्सन
   (B) सी. के. आग्डेन
   (C) हर्बर्ट रीड
   (D) एजरा पाउंड

45. गोवर्धन अंधेर नगरी में क्यों रुक जाता है ?
   (A) वह नगरी बहुत सुंदर है
   (B) राजा बहुत लोकप्रिय है
   (C) सस्ते में सुख सुविधा उपलब्ध है
   (D) शासन न्यायनिष्ठ है

46. निम्नलिखित में सत्य कथन कौनसा है ?
   (A) ब्रजभाषा आकार बहुला है
   (B) ब्रजभाषा उकार बहुला है
   (C) ब्रजभाषा ओकार बहुला है
   (D) ब्रजभाषा ईकार बहुला है

47. प्रकाशन तिथि के अनुसार निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम कौनसा है ?
   (A) नूतन ब्रह्मचारी, ठेठ हिंदी का ठाठ, आश्चर्य वृत्तान्त, श्यामा स्वप्न
   (B) श्यामा स्वप्न, नूतन ब्रह्मचारी, ठेठ हिन्दी का ठाठ, आश्चर्य वृत्तान्त
   (C) आश्चर्य वृत्तान्त, नूतन ब्रह्मचारी, श्यामा स्वप्न, ठेठ हिन्दी का ठाठ,
   (D) ठेठ हिन्दी का ठाठ, आश्चर्य वृत्तान्त, श्यामा स्वप्न, नूतन ब्रह्मचारी

48. प्रकाशन तिथि की दृष्टि से निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम कौनसा है ?
   (A) ग्यारह वर्ष का समय, उसने कहा था, आकाशदीप, कफन
   (B) उसने कहा था, आकाशदीप, कफन, ग्यारह वर्ष का समय
   (C) कफन, ग्यारह वर्ष का समय, आकाशदीप, उसने कहा था
   (D) आकाशदीप, उसने कहा था, कफन, ग्यारह वर्ष का समय

49. निम्नलिखित कवियों और कृतियों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मुल्ला दाऊद | (1) | मधुमालती |
| (*b*) | कुतुबन | (2) | पद्मावत |
| (*c*) | जायसी | (3) | चांदायन |
| (*d*) | मंझन | (4) | मृगावती |
| | | (5) | सत्यवती कथा |

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (C) | (2) | (1) | (4) | (2) |
| (D) | (4) | (3) | (2) | (1) |

50. निम्नलिखित समाचार-पत्रों और संपादकों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | ब्राह्मण | (1) | बालकृष्ण भट्ट |
| (*b*) | हिन्दी प्रदीप | (2) | युगुल किशोर शुक्ल |
| (*c*) | उदंत मार्तण्ड | (3) | प्रतापनारायण मिश्र |
| (*d*) | जासूस | (4) | भारतेंदु |
| | | (5) | गोपालदास गहमरी |

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (5) | (3) |
| (B) | (2) | (1) | (3) | (5) |
| (C) | (1) | (3) | (5) | (2) |
| (D) | (3) | (1) | (2) | (5) |

ROUGH WORK

SEAL